जिम्मेदारों की बेहोशी से गई बेसहारा की जान

मानसिक विक्षिप्त पैर की बीमारी से था ग्रसित, गुहार लगाने के बाद भी नहीं मिला इलाज, मानवाधिकार ले संज्ञान

मंडला, देशबन्धु। जन सेवा के नाम पर सिर्फमध्य प्रदेश के मंडला जिले में नौटंकी हो रही है। शासन प्रशासन व समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा जन सेवा के नाम पर सिर्फ पाखंड किया जा रहा है यथार्थ में सच्ची जनसेवा सभी जिम्मेदारों द्वारा नहीं की जा रही है।

जन सेवा के नाम पर पाखंड किए जाने की पोल खुल गई है ज्ञात हुआ है कि जिला मुख्यालय मंडला में विगत कई दिनों से मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्ति पैर की बीमारी से परेशान था बताया जा रहा है कि उसके पैर का पंजा गल रहा था वह मंडला नगर के हृदय स्थल उदय चौक में रह रहा था काफी लंबे समय से वह बीमारी से परेशान था ।

बताया जा रहा है कि इस संबंध में मीडिया कर्मी के माध्यम से शासन प्रशासन के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों को जानकारी दी गई थी और उम्मीद की गई थी कि व्यक्ति का उपचार कम से कम सरकारी अस्पताल में ही कर दिया जाए, लेकिन उम्मीद उस समय टूट गई जब पीड़ित व्यक्ति ने बीमारी से पीड़ित होकर अपना दम तोड़ दिया जानकारी मिली है कि वह पीड़ित व्यक्ति अब इस दुनिया में नहीं है उसकी उपचार न होने की वजह से मौत हो चुकी है। यह घटनाअत्यंत शर्मनाक और दुखद है लोगों का मानना है कि आखिरकार पीड़ित व्यक्ति को उपचार दिलाने के लिए किसी ने ध्यान क्यों नहीं दिया जबकि जानकारी सभी को थी लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा पीड़ितों के उपचार के लिए सरकारी

अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है कई तरह की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का दावा किया जा रहा है लेकिन इन दावोंकी पोल इस तरह की घटनाओं से खुल रही है क्या सही में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ हकीकत के धरातल में मिल पा रहा है लोग सवाल कर रहे हैं की जानकारी होने के बावजूद भी जनप्रतिनिधि समाजसेवी और शासन प्रशासन के अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया सूत्रों की माने तो अपर कलेक्टर जिला अस्पताल प्रबंधन व समाजसेवियों को इस संबंध में जानकारी दे दी गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया परिणाम स्वरुप मंगलवार को बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की जान चली गई क्या सरकार इसी तरह से बेसहारों की जान जाने देगी या इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जाएगी तमाम लोगों के खिलाफ तो कार्रवाई होना चाहिए खासकर शासन प्रशासन के सभी संबंधितों को जिन्हें इस बात की जानकारी थी उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होना चाहिए इस घटना की सच्ची जांच होना चाहिए यदि शासन प्रशासन को जानकारीकिसी भी माध्यम से मिली थी तो उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना था ताकि उसकी जान बच सकती थी।

जन अपेक्षा है इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और उन तमाम दोषियोंके खिलाफकार्रवाई की जाए ज्ञात हो अनेक मामलों में मानव अधिकार आयोग संज्ञान लेकर कार्रवाई कर रहा है लोग चाह रहे हैं कि इस मामले में भी मानव अधिकार आयोग संज्ञान ले और सभी दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करें देखा यह जाता है कि मानव अधिकार संरक्षण की कई संस्थाएं काम तो कर रही हैं लेकिन इस तरह की घटनाओं पर मूकदर्शक बनकर तमाशा देखते हैं लोगों का कहना है कि मानव अधिकार आयोग के अलावा मानव अधिकार संरक्षण की सभी संस्थाएं भी इस विषय पर गंभीरता पूर्वक उच्च स्तरीय कार्यवाही शासन प्रशासन के माध्यम से करावे ऐसी जन अपेक्षा है।

बिना अनुमति के मैरिज गार्डन संचालन पर रोक, नगर पालिका ने जारी किया आदेश

मंडला, देशबन्धु। नगर पालिका परिषद मंडला ने बिना अनुमति के संचालित हो रहे मैरिज गार्डन को बंद करने का आदेश जारी किया है। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 19 फरवरी 2025 को जारी इस आदेश में स्पष्ट किया गया कि शहर में बिना वैध अनुमति के विवाह समारोहों के आयोजन को लेकर सख्ती बरती जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार, श्रीमती सीमा शर्मा द्वारा बारात मैदान, मंडला में बिना अनुमति के मैरिज गार्डन संचालित किया जा रहा था, जो नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 06 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

इस आधार पर नगर पालिका ने संबंधित गार्डन को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया है। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के ऐसे किसी भी स्थल का संचालन नियमों के खिलाफ है और सार्वजनिक सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका द्वारा संबंधित अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों को आदेश की प्रति भेजी गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में बिना अनुमति के कोई मैरिज गार्डन संचालित न हो। नगर प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी सार्वजनिक या निजी कार्यक्रम के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सार-समाचार

नशे में हेल्पर ने खड़ी बस को मारी टक्कर, पुलिस ने छोड़ दिया

हटा, देशबन्धु। नगर में संदीप गर्ग की बस के हेल्पर ने शराब के नशे में हटा बस स्टैंड पर खड़ी यात्री बस क्रमांक एमपी 34पी0194 में टक्कर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। बस स्टैंड पर उपस्थित स्टाफ द्वारा शराबी हेल्पर को पुलिस थाने में सौंप दिया गया लेकिन हटा पुलिस थाने में पदस्थ अधिकारियों द्वारा बिना किसी कार्रवाई शराबी हेल्पर को छोड़ दिया गया।

महत्वपूर्ण बात यह है कि एक तरफ पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी सड़कों पर घूम-घूम कर शराबी चालकों पर कार्यवाही कर रहे हैं जबकि हटा बस स्टैंड पर उपस्थित अन्य बस स्टाफ द्वारा पुलिस थाने भेजे गए एक शराबी कर्मचारी को बिना किसी कार्रवाई के छोड़े जाने से शराबी चालकों के फैसले बुलन्द हो सकते हैं। इस संबंध में जब हटा नगर निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी पुलिस थाने लाया गया था लेकिन उसके द्वारा सीने में दर्द की शिकायत की गई तो उसे छोड़ दिया गया। अब एक-दो दिन में बुलाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव का बिछिया में स्वागत

भुआ बिछिया, देशबन्धु। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव का आत्मीय स्वागत बिछिया मंडल कार्यकर्त्ताओं ने गांधी द्वार पर किया। छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष को उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के निकाय चुनाव में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। सिंह देव जी का बिछिया मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट ने किया। द्वारा शाल-श्रीफल से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शशिकांत श्रीवास्तव, राजकिशोर अग्रवाल,नरेश राजपूत,अजयपुरी गोस्वामी,नरेंद्र धुर्वे, नरेश सार्वे, प्रदीप झरिया, सीमांत भट्ट, अतुल कटारे, सुमित शिवहरे, सुमित रजक, सीमांत परिहार, शाहिद मंसूरी, धनेश्वर रानू जोगी, , व स्थानीय मंडल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नाबालिग भांजी से दरिंदगी करने वाले मामा की तलाश

डिंडोरी, देशबन्धु। जिले में एक शख्स ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया है। यहां एक मुंहबोले मामा ने अपनी नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है। साथ ही किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बच्ची की हालत देख उसकी मां सन्न रह गई। पीड़ित की मां ने करंजिया थाने में आरोपी मामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

दुष्कर्म का ये पूरा मामला डिंडोरी जिले के करंजिया थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी नरेंद्र पाल ने बताया कि, जिले में दुष्कर्म की वारदात का पता चला है। 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा की मां किसी काम से अमरकंटक गई थी। इस बात का फायदा मासूम के मुंह बोले मामा ने उठाया। शख्स बच्ची को बहला फुसलाकर जंगल ले गया और उसके साथ दरिंदगी की। इसके अलावा आरोपी ने मासूम को सच्चाई बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जांच शुरू अमरकंटक से घर लौटी मां बच्ची की हालत देख समझ गई की उसके साथ कुछ बुरा हुआ है। गंभीरता से पूछने पर पीड़िता ने अपने साथ हुए दुष्कर्म की बात बताई। जानकारी लगते ही पीड़िता की मां थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक ने अपनी बहू के नाम कराई सैनिक कोटे की दुकान

दमोह, देशबन्धु दमोह नगर पालिका में फिर नया घोटाला सामने आया है। इस बार यह घोटाला दुकान आवंटन में हुआ है। यहां सैनिक कोटा (एक्स आर्मी मैन) में आवंटित की जाने वाली दुकान एक राजस्व निरीक्षक ने अपनी बहू के नाम पर आवंटित कर ली। इतना ही नहीं, यह प्रक्रिया करने के बाद निरीक्षक ने दुकान की नस्ती ही गायब कर दी है। जिससे आवंटन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। अब रिटायर्ड हो चुके राजस्व निरीक्षक को नोटिस जारी करके नस्ती उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक जयराम नोतानी नगर पालिका में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। अब वे रिटायर्ड हो गए हैं। उन्होंने ड्यूटी के दौरान टाउन हाल के गोल मार्केट में एक दुकान नंबर 24 अपनी पुत्र वधु के नाम पर दर्ज करा ली है। ये दुकान सैनिक कोटा की थी और इसे 2014 में भूतपूर्व सैनिक लक्ष्मी दुबे पति स्वर्गीय मानक लाल दुबे के नाम पर आवंटित किया गया था, लेकिन इसके बाद भी दस्तावेजों में हेराफेरी करके राजस्व निरीक्षक ने 2018 में यह दुकान पुत्रवधु के नाम दर्ज करा ली। शिकायतकर्ता अबरार खान ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर और सीएमओ से की थी।शिकायत के बाद प्रभारी राजस्व अधिकारी ने नोतानी को मूल नस्ती उपलब्ध कराने के लिए कहा है। उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

किसली वन परिक्षेत्र में बाघिन का शव बरामद

केटीआर प्रबंधन ने किया शवदाह

मंडला, देशबन्धु। वन्यजीव मादा बाघ उम्र लगभग 10-12 वर्ष की वन भूमि कक्ष क्रमांक 40 (780) बीट चिमटा, वृत घंघार, वन परिक्षेत्र किसली के अंतर्गत मृत पाया गया। विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल का.टा. रिजर्व मण्डला, डॉ. आर.एम. भुरमुदे एसव्हीएस, रमेश वारेश्वा, पशु चिकित्सक मोहगांव के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाहध्भस्मीकरण की कार्यवाही सुश्री संध्या आईएफएस. वन संरक्षक कार्य आयोजना बालाघाट, सुश्री अमीता के.बी. आईएफएस. उपसंचालक कान्हा, अजय ठाकुर सहायक संचालक बंजर, दिनेश वरकड़े तहसीलदार बिछिया, परशराम चौहान एन.टी.सीए. प्रतिनिधि, चन्द्रेश खरे वन्यप्राणी अभिरक्षक (मानद), श्रीमति श्यामबती उइके सरपंच ग्राम पंचायत खटिया व अन्य की उपस्थिति में की गई।

क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण, पार्किंग और यातायात व्यवस्था को करें सुव्यवस्थित : कलेक्टर

मंडला, देशबन्धु। गोलमेज कक्ष में नगरपालिका परिषद मंडला के निर्माणाधीन कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण, पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था को भविष्य के दृष्टिकोण से सुव्यवस्थित किया जाना है। इसके लिए प्वाईंट टू प्वाईंट विस्तृत कार्ययोजना बनाएं। बस स्टेंड का विस्थापन, कृषि उपजमंडी तथा ट्रॉसपोर्ट नगर के लिए नगरीय क्षेत्र के बाहर भूमि चिन्हांकन करें। उन्होंने कहा कि नगर विकास के प्रोजेक्ट तैयार करते समय इस तरह की कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए जिससे स्थानीय निकाय को अतिरिक्त आय मिले। साथ ही साथ विस्थापित किए जा रहे बस स्टेंड तथा कृषि उपज मंडी के लिए भी वैकल्पिक प्लान तैयार करें, जिससे रिक्त हो रही भूमि का भी नगरपालिका के हित में सदुपयोग हो। इस दौरान उन्होंने वीसी के माध्यम से जुड़े सीएमओ नगरपालिका को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र में लगाए गए अवैध होर्डिंग्स चिन्हांकित कर संपत्तीविरूपण की कार्यवाही करें।

नगरीय निकाय के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

बैठक में कलेक्टर ने कृषिमंडी के लिए ग्राम चटुआमार में चिन्हांकित भूमि के भू-भाटक आदि की राशि शीघ्र जमा कराने के लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया। नगरपालिका तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेरिज गार्डन के विषय में कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में चैकलिस्ट तैयार करें। नगरपालिका क्षेत्र में जिन मेरिज गार्डन की ओर से आवेदन प्राप्त हो गए हैं उनका परीक्षण कराएं तथा अन्य मेरिज गार्डन के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने एसडीएम मंडला को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का समय है इसलिए देर रात तक डीजे या अन्य प्रकार के ध्वनिविस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें।

प्रधानमंत्री आवास (शहरी) के विषय में समीक्षा करते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निमार्णाधीन एवं पूर्ण हो चुके आवास की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करते हुए निमार्ण कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं।

रिवर्स करते समय बारातियों की बस पलटी, चालक ने कूदकर बचाई जान

दमोह, देशबन्धु। दमोह जिले के नोहटा थाना की बनवार चौकी के गांव पटी नंदलाल में कुंडलपुर से बारात में आई एक बस रिवर्स करते समय बीस फीट गहरी खाई में पलट गई। समय पर ब्रेक नहीं लगने से बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए पलटी है। गनीमत रही कि चालक ने बस स्टार्ट करने के पहले बरातियों को नीचे उतार दिया था और खाली बस रिवर्स करते वक्त यह हादसा हुआ है, जिसमें किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। बस पलटने से पहले ही चालक ने छलांग लगा दी जिससे उसे मामूली चोट आई है। हालांकि घटनास्थल से चालक गायब है। स्थानीय लोगों ने बताया पटेरा ब्लॉक के कुंडलपुर से बस क्रमांक आरजे 09 पीए 1925 पटी नंदलाल गांव निवासी पंचू रैकवार के यहां मंगलवार रात बरात लेकर आई थी। शादी समारोह होने के बाद बुधवार सुबह बरात वापस कुंडलपुर जानी थी। जैसे ही चालक ने बरातियों को बस से नीचे उतारकर बस चालू करने के लिए रिवर्स की तो बस के पावर ब्रेक नहीं लगे और बस सीधे सड़क से नीचे उतरते हुए पुलिया के नीचे खाई में पलट गई। बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है, लेकिन यह हादसा खाली बस में होने की वजह बराती के हताहत नहीं हुए।

कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

प्रयागराज महाकुंभ यात्रा के दौरान ट्रेन में महिला की मौत

दमोह, देशबन्धु। दमोह रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात प्रयागराज महाकुंभ यात्रा पर जा रही महिला की ट्रेन में तबीयत बिगड़ने पर जीआरपी और आरपीएफ पुलिस तत्काल दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। किसी भी कार्रवाई से इंकार करते हुए परिजन रात में ही महिला के शव को एंबुलेंस से घर ले गए। महाकुंभ में स्नान करने के पहले ही महिला की मौत होने से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। सभी लोग उत्साह के साथ घर से निकले थे, लेकिन रस्ते में यह दुखद घटना हो गई। जानकारी के अनुसार जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने बताया कि मंगलवार को ट्रेन क्रमांक 09801 सागोरिया बनारस के कोच एस-4 में वेटिंग टिकट पर यात्रा कर रही महावीर नगर थाना कोटा राजस्थान की निवासी उमा सोनी पति ब्रजराज 60 अपने परिजनों के साथ गुना से प्रयागराज जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन में अत्यधिक भीड़भाड़ होने की वजह से बैठने को भी जगह नहीं थी फिर भी सभी लोग किसी तरह प्रयागराज जा रहे थे।

रोजगार मेले में वन स्टॉप सेंटर द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

मंडला, देशबन्धु। मंगलवार को नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें रोजगार के अवसर प्रदान करने के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में रोजगार मेले के आयोजन की जानकारी कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा बताई गई कि प्रत्येक माह के चौंथे मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र मण्डला और शासकीय आई.टी.आई मण्डला के द्वारा नई प्राईवेट कम्पनियां बुलवाई गई ताकि मेले में चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार/स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। इसी अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा लिंग संवेदनशीलता, पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही डायल 100, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन नंबर 181, साईबर सुरक्षा हेल्प लाईन 1930 तथा वन स्टॉप सेंटर मण्डला कार्यालय का नंबर 07642252699 के बारे में भी प्रचार प्रसार हेतु लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, शासकीय आई.टी.आई. प्राचार्य आर.एस. वरकड़े, टी.ओ. वैशाली कामड़े, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर आनंद मरावी, रोजगार अधिकारी एल.एस सैयाम, वन स्टॉप सेंटर से केसवर्कर आशा नंदा, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आरती वरकड़े उपस्थित रहे।

जहर खाने से नवविवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

दमोह, देशबन्धु। दमोह के अस्पताल में मंगलवार दोपहर एक नवविवाहिता की मौत हो गई। उसको अस्पताल में जहर खाने के बाद भर्ती कराया गया था। मौत के बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की। मृतका के ससुर को चप्पलों से पीटा गया। मायके वाले ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।मृतका की मां जानकी देवी ने बताया कि छह महीने पहले जुलाई में वर्षा की शादी बंडा थाना के सिंगरोंन निवासी आकाश अहिरवार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले बेटी वर्षा को परेशान करने लगे। करीब एक सप्ताह पहले यशोदा अपने चाचा के यहां गढ़ाकोटा में एक शादी समारोह में आई थी। सोमवार को यशोदा के पति आकाश ने फोन कर उसे वापस बुलाया। दोपहर तीन बजे देवर उसे लेने आया और यशोदा ससुराल चली गई। रात आठ बजे परिवार को सूचना मिली कि यशोदा ने जहर खा लिया है और उसकी मौत हो गई है।मृतका की मां का आरोप है कि यदि यशोदा ने वास्तव में जहर खाया था, तो उन्हें तुरंत सूचित किया जाना चाहिए था। ससुराल वालों ने पथरिया में इलाज कराया, लेकिन परिवार को सूचना नहीं दी। जिला अस्पताल में मौत के बाद ही उन्हें खबर की गई।

सेवक नहीं साहब बनकर कर रहा काम

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले की तहसील नैनपुर में लोक सेवा केंद्र चर्चा का विषय बना हुआ है लोक सेवा केंद्र में साफ-सफाई का अभाव अंदर व बाहर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है लोक सेवा केंद्र के भवन का रंग रोगन भी लगता है कई वर्षों से किया ही नहीं गया है बताया जा रहा है कि यहां पर एक पुरुष कमी है जो 19 फरवरी को सफेद काला चेक शर्ट पहना था युवा कुर्मी है। जोश ज्यादा दिखता है। इसी वजह से लोगों से सेवक बनकर नहीं बल्कि सब बनकर बर्ताव कर रहा है।

लोक सेवा केंद्र नैनपुर में सीधे मुंह बात नहीं कर रहा पुरुष कमी

इसके संबंध में चर्चा चल रही है कि यह लोक सेवा केंद्र नैनपुर में आने वाले लोगों से तरीके से बात नहीं करता है। अकड़ कर बात करता है और जब देखो तब लोगों को लोक सेवा केंद्र में चमकता रहता है।

इसे तत्काल लोक सेवा केंद्र से हटा दिया जाए बताया जा रहा है कि यहां पर दो महिला कर्मी है और एक यादव पुरुषकर्मी है जो चश्मा पहनता है इन तीनों का व्यवहार लोक सेवा केंद्र में लोगों के साथ अच्छा रहता है और यह आसानी से लोगों का काम करते हैं सिर्फ एक आदमी यहां पर अकड़ रहा है जो युवा है उसका रंग काला सांवला है उसे तत्काल यहां से हटा दिया जाए तो जनहित में अच्छा होगा ऐसी जन अपेक्षा है।